लाला मईया अंजनी का,
श्री राम का दीवाना है,
राम जी के चरणों में,
बस इनका ठिकाना है,
लाला मईया अंजनी का।।

तर्ज बाबुल का ये घर।

राम राम जपता जो,
लगता इन्हें प्यारा है,
राम भक्तो का ये,
कलयुग में सहारा है,
राम राम जपना तुम,
राम राम जपना तुम,
हनुमत को जो पाना है,
लाला मैया अंजनी का,
श्री राम का दीवाना है,
लाला मैया अंजनी का।।

पुरे श्री राम जी के,
सगरे ही काज किये,
सिने से लगाए श्री राम,
हनुमत का मान किए,
बोले प्यारे हनुमत तुम,
बोले प्यारे हनुमत तुम,

भाई भरत समाना है,
लाला मैया अंजनी का,
श्री राम का दीवाना है,
लाला मैया अंजनी का।।

राम जी की भक्ति में,
झूम झूम नाचे है,
नाच नाच राम जी को,
हनुमत मनाते है,
राम जी का कीर्तन भजन,
राम जी का कीर्तन भजन,
मेरे हनुमत को गाना है,
लाला मैया अंजनी का,
श्री राम का दीवाना है,
लाला मैया अंजनी का।।

बीच सभा में विभिषण,
मजाक उड़ाया है,
चिर के सीना सिया राम,
का दर्शन कराया है,
तुम्हरी राम भक्ति को,
तुम्हरी राम भक्ति को,
सारी दुनिया ने माना है,
लाला मैया अंजनी का,
श्री राम का दीवाना है,
लाला मैया अंजनी का।।

लाला मईया अंजनी का,

श्री राम का दीवाना है,
राम जी के चरणों में,
बस इनका ठिकाना है,
लाला मईया अंजनी का।।

स्वर राकेश काला।

Source:
https://www.bharattemples.com/lala-maiya-anjani-ka-shri-ram-ka-diwana-hai/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw